अनौपचारिक रूप से परामर्शित

पत्रांक–भवन / स्था0–01–विविध–1046 / 2014 ..... / 4846 (भ)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।
द्वारा:– वित्त विभाग।

पटना दिनांक– 27/5/16

विषय:– बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना के अन्तर्गत मुख्यालय स्तर पर मुख्य निगरानी पदाधिकारी एवं उसके अधीनस्थ पदों सहित विद्युत कार्य के सम्पादन हेतु कुल 12 (बारह) पदों का सृजन।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि राज्य मंत्रिपरिषद् की दिनांक–13.05.2016 की बैठक में मद् संख्या–01 के रूप में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना के अन्तर्गत मुख्यालय स्तर पर मुख्य निगरानी पदाधिकारी एवं उसके अधीनस्थ पदों सहित विद्युत कार्य के सम्पादन हेतु संलग्न परिशिष्ट–'क' के अनुरूप कुल 12 (बारह) पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

2. मुख्य निगरानी पदाधिकारी संयुक्त सचिव या उनके समकक्ष स्तर के पदाधिकारी होंगे, जो सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निगरानी विभाग को उपलब्ध कराये गये पैनल में से नियुक्त किये जायेंगे। इनकी सेवा–शर्त्तों, भूमिकाएँ एवं जिम्मेदारियाँ निगरानी विभाग के संकल्प संख्या–5765, दिनांक–27.11.2014 के अनुसार होंगी।

3. अन्य अधीनस्थ पदों, यथा–आशुलिपिक, कार्यालय सहायक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर, चालक एवं आदेशपाल (कार्यालय परिचारी) के पदों के लिए सेवायें बाह्य स्रोतों (Outsourcing Agencies) से ली जायेगी।

4. उक्त पदों के स्थापना व्यय में कुल ₹ 43,80,000/– (तैतालीस लाख अस्सी हजार रूपये) अनुमानित वार्षिक व्यय संभावित है, जिसका वहन निगम द्वारा अपने आय के स्रोतों से किया जाएगा।

5. उपर्युक्त सभी पदों (मुख्य निगरानी पदाधिकारी के पद को छोड़कर) पर नियुक्ति हेतु योग्यता, मानदेय/वेतनमान, सेवा–शर्त्तों आदि का निर्धारण निगम द्वारा किया जायेगा तथा इनकी नियुक्ति/नियोजन में आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

25.5.16

(अमृत लाल मीणा)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक– 4846 (भ) पटना, दिनांक– 27/5/16

प्रतिलिपि– मुख्य सचिव, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, वित्त विभाग/मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/सामान्य प्रशासन विभाग/निगरानी विभाग/प्रबंध निदेशक, बिहार, राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/माननीय उप मुख्य (भवन) मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग/निदेशक अनुश्रवण–सह–मूल्यांकन कोषांग/प्रभारी पदाधिकारी, बजट (मुख्यालय)/मुख्यालय स्थित सभी राजपत्रित पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, राजपत्रित स्थापना एवं आई0टी0 मैनेजर, कम्प्यूटर कोषांग (मुख्यालय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25.5.16

सरकार के प्रधान सचिव।

परिशिष्ट–'क'

BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

List of posts created in the Board Meeting of the Corporation held on 12-03-2015 along with their required Minimum Qualification & Experience and Initial Remuneration/Salary ane Estimated Annual additional cost ot be incurred.

Sl No	Name of Post	No. Post	Minimum Qualification & Experience	Initial Remuneration/ Salary (Per month in ₹)	Annual Estimated Expenditure (in ₹)
A: The Post of Chief Vigilance Officer and his Sub-ordinates					
1	Chief vigilance Officer	1	At The level of joint Secretary or its equivalent.	As per Entitlement in his parent organisation (37,000-67,000 Approx.)	8,04,000
2	Stenographer	1	Bachelor degree with minimum 50% marks from any recognised University plus DCA and proficiency in English Hindi shorthand along with computer typing 30 words per minute and ar least 2 years' experience in relevant field.	20,000	2,40,000
3	Office Assistant cum Computer Operator	1	Intermediate plus DCA with typing skills Hindi & English 30 words per minute and atleast 2 years of relevant Experience.	15,000	1,80,000
4	Driver	1	Matric Pass with Driving Licence and relevant Experience.	10,000-15,000	1,80,000
5	Peon	1	Matric Pass.	8,000-10,000	1,20,000
B: Post Related to Electrical Work					
6	DGM (Electrical)	1	Graduate in electrical Engineering from recognized University and at least 10 years' experience of electrical and its maintenance works.	60,000	7,20,000
7	AGM (Electrical)	2	Graduate in electrical Engineering from recognized University/ Institution and at least 5 years' experience related to electrical and its maintenance works.	45000X2=90,000	10,80,000
8	Junior Engineer (Electrical)	4	Diploma in electrical engineer from any recognized Institution and at least 2 years of work experience in any reputed organzation.	22000X4=88,000	10,56,000
Total		**12**	**Total Monthly/Annual Estimate Expenditure**	**3,65,000 (Approx.)**	**43,80,000 (Approx.)**

Note:- The employees mentioned in the Sl. No. 2,3,4 and 5 above shall be appointed through Outsourcing Agencies.

25.5.16

प्रधान सचिव,
भवन निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

भवन निर्माण विभाग

.....

भवन निर्माण विभाग के संलेख ज्ञापाक–4210 दिनांक–10.05.2016 में सन्निहित प्रस्ताव मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–13.05.2016 में मद संख्या–01 के रूप में सम्मिलित किया गया। बैठक की कार्यवाही के अवतरण के साथ आपकी संचिका लौटायी जाती है।

1.	बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना में मुख्यालय स्तर पर मुख्य निगरानी पदाधिकारी एवं उसके अधीनस्थ पदों सहित विद्युत कार्य के सम्पादन हेतु कुल 12 पदों के सृजन की स्वीकृति।	1. स्वीकृत।

13.5.16
(उपेन्द्र नाथ पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

16.5.16

17.5.16

श्री आनन्दी जी
17-5-2016